तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .6 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 जून 2024



11 समचाना में हर घर जल योजना अटकी



12 यूजी में दाखिले के लिए अब 30 तक आवेदन








## शहर में आज

- मुख्यमंत्री नायब सैनी मदवि के टैगोर सभागार में प्लॉट का आवंटन करेंगे सुबह 11 बजे
- मदवि के आईएचटीएम कांफ्रेंस हॉल में क्रिएटिव स्टोरी बोर्ड प्रतियोगिता सुबह 8 से 9 बजे तक
- नगर निगम द्वारा नालों की सफाई का काम जारी रहेगा सुबह 9 बजे से
- पुलिस का नशा विरोधी अभियान का समापन होगा
- विद्या भारती द्वारा शिक्षा भारती स्कूल में कार्यशाला शुरू होगी
- हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा करेगा भूख हड़ताल सुबह 10 से शाम 4 बजे तक

## बिजली कट

- सुबह 7 से 9 बजे तक विनय नगर फीडर पर मेंटेनेंस के चलते बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

# इस हफ्ते शुरू हो जाएगा 24 करोड़ का गुरु नानकपुरा डिस्पोजल प्लांट, 12 कॉलोनियां जलभराव से बचेंगी

## ■ बिजली कनेक्शन मिला ■ चार मोटर लगाई ■ चार और मोटर आपात स्थिति के लिए रखी जाएंगी

विजय अहलावत ▶▶ रोहतक

गुरुनानकपुरा में स्थित राहड़ जोहड़ पर 24 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन डिस्पोजल प्लांट लगभग बनकर तैयार हो गया है। जिसे एक जुलाई से पहले शुरू किया जाएगा। इससे सैनी स्कूल रोड, महावीर कॉलोनी, संजय कॉलोनी, नया चमनपुरा, कृष्णा कॉलोनी, साईंदास कॉलोनी, राहड़ रोड, गुरूनानक पुरा, गोहाना अड्डा, गोहाना रोड, सुखपुरा, हनुमान कॉलोनी आदि एरिया जलभराव से बचेंगे। इस प्लांट में कुल 8 बड़ी मोटर लगाई जाएंगी। जिनमें से चार मोटर आपातकाल के लिए रखी जाएंगी। अभी चार मोटर पहुंच चुकी हैं। जिन्हें प्लांट में फिट कर दिया गया है। साथ ही बिजली निगम से बिजली कनेक्शन ले लिया गया है। इलाके में बिजली के कम लोड को देखते हुए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाया गया है। जन स्वास्थ्य विभाग के एसई का दावा है कि इसे एक तारीख से पहले शुरू करवा दिया जाएगा। माना जा रहा है कि 28 जून से मानसून ज्यादा सक्रिय हो सकता है। जिससे जलभराव का खतरा उत्पन्न हो सकता है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए जा रहे डिस्पोजल सिस्टम के लिए जो पाइप दबाई गई हैं, उनकी लम्बाई सबसे अधिक है। यह अकेला ऐसा सिस्टम है, जिसकी पाइप की लम्बाई पौने पांच किलोमीटर तक है। इसके लिए 900 व्यास की आरसीसी एनपी-2 पाईप सीआईपीपी तकनीक से बिछाई गई है। महावीर कॉलोनी से गोहाना रोड, सुखपुरा चौक, राजेंद्रा नगर, वीटा प्लांट के आगे से इसे जसिया ड्रेन नम्बर आठ तक ले जाया गया है। जिस पर करीब 24 करोड़ रुपये खर्च आया है।

**सड़क का कराया जाएगा निर्माण:** करीब पौने दो करोड़ रुपये सड़क तोड़ने के लिए पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग को भी दिए गए हैं। पाइप बिछाने के लिए महावीर कॉलोनी, गोहाना रोड, सुखपुरा चौक, वीटा प्लांट के पास सड़क तोड़ी गई है। सड़क का निर्माण जल्द ही करवाया जाएगा। तब तक के लिए सड़क पर मिट्टी को समतल किया गया है।

■ रोहतक का सबसे बड़ा डिस्पोजल सिस्टम बनकर तैयार, मिलेंगी राहत

■ डिस्पोजल सिस्टम के लिए पौने पांच किमी. लंबी पाइप लाइन डाली गई



### पूर्व सीएम मनोहर लाल ने मंजूर किया था प्रोजेक्ट

राहड़ तालाब के आसपास करीब आधा दर्जन कॉलोनियों में रहने वाले हजारों नागरिक कई साल से जल भराव की समस्या से पीड़ित थे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और जन स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष लोगों की इस मांग को रखा गया। जिसे सरकार ने स्वीकृत कर लिया था। सरकार ने राहड़ तालाब में करोड़ों के प्रोजेक्ट को मंजूर करके इस पूरे इलाके को बड़ी सौगात दी थी। मंत्री डॉ बनवारी लाल ने इस योजना का शुभारम्भ जून 2023 में किया था। जिससे लोगों में खुशी है।

### शहर की इन कॉलोनियों के लोगों को मिलेगा लाभ

बरसात के मौसम में सैनी स्कूल रोड, महावीर कॉलोनी, संजय कॉलोनी, नया चमनपुरा, कृष्णा कॉलोनी, साईंदास कॉलोनी, राहड़ रोड, गुरूनानक पुरा, गोहाना अड्डा, गोहाना रोड, सुखपुरा, हनुमान कॉलोनी आदि एरिया में जलभराव होता है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। डिस्पोजल प्लांट एरिया में जमा होने वाले बरसात के पानी को पाइप लाइन से ले जाते हुए जसिया ड्रेन नम्बर आठ में छोड़ेगा।

### प्लांट लगभग बनकर तैयार

जून में प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। प्लांट लगभग बनकर तैयार हो गया है। मानसून सक्रिय हो गया है, इसलिए इसे एक जुलाई से पहले ही शुरू करने की तैयारी है। बिजली कनेक्शन लेने के साथ ही चार मोटर लगा दी गई हैं। प्लांट शुरू करने के लिए जोरशोर से तैयारियां की जा रही हैं।
-आरके शर्मा, एसई, जन स्वास्थ्य विभाग

## खबर संक्षेप

### फ्रेश व री-अपीयर का परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित बीसीए पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर, पीएचडी कोर्स वर्क बायोटेक्नोलोजी की प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर, सीबीसीएस स्कीम एमएससी माइक्रोबायोलॉजी व माइकोबिअल बायोटेक की चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### एमडीयू में आज होगी स्टोरी बोर्ड परीक्षा

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 26 जून को- इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग के उपलक्ष्य में क्रिएटिव स्टोरी बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। एमडीयू की यूथ रेड क्रॉस समिति, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम, एनएसएस तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता- द एविडन्स इज क्लीयरः इन्वेस्ट इन प्रिवेंशन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज थीम पर आयोजित की जाएगी। क्रिएटिव स्टोरीबोर्ड प्रतियोगिता आईएचटीएम कांफ्रेंस हॉल में सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। रजिस्ट्रेशन सुबह 8 से 9 बजे तक कांफ्रेंस हॉल में होगा।

### एमडीयू ने प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में मंगलवार को यूजी पाठ्यक्रमों- बीए इतिहास चार वर्षीय तथा बीएससी जेनेटिक्स चार वर्षीय में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बीए इतिहास चार वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले 208 अभ्यर्थियों में से 145 प्रवेश परीक्षा में बैठे व 63 अनुपस्थित रहे। अन्य विषयों के लिए प्रवेश परीक्षाएं हुई।

# दिल्ली-बठिंडा रेलवे रूट पर भी कवच सिस्टम लगाने की मांग

दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

देश में पिछले कुछ समय में हुए रेल हादसों के बाद कवच यंत्र लगाने की मांग उठने लगी है। दिल्ली-रोहतक-बठिंडा रेल मार्ग पर भी कवच यंत्र नहीं लगा है। सुरक्षा की दृष्टि से रेल यात्रियों ने इस रूट पर भी कवच की व्यवस्था की मांग उठाई है। दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाड़ा ने बताया कि उन्होंने आरटीआई के जरिए रेलवे से इस संबंध में जानकारी मांगी थी। जवाब मिला कि दक्षिण मध्य रेल मार्ग पर 1465 रूट किलोमीटर पर कवच यंत्र लगाया गया है। दिल्ली-मुंबई व दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग के तीन हजार किलोमीटर पर भी कवच लगाने का काम प्रगति पर है। इसके बाद ही देश के अन्य हिस्सों के रेल मार्गों पर कवच यंत्र लगाया जाएगा। हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल मार्गों पर कवच यंत्र लगाने के काम मे तेजी लाने के आदेश अधिकारियों को दिए थे। कुछ दिन पहले ही रंगापानी स्टेशन पर खड़ी सवारी गाड़ी को मालगाड़ी द्वारा टक्कर मारे जाने पर भारी जान-माल की हानि हुई थी। यदि इस मार्ग पर कवच लगा होता तो दुर्घटना से बचाव हो सकता था।



### ...तो ट्रेनें नहीं टकराएगी

कवच एक ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम है। इंजन और पटरियों में लगे इस डिवाइस की मदद से ट्रेन की ओवर स्पीडिंग को कंट्रोल किया जाता है। इस तकनीक में किसी खतरे का अंदेशा होने पर ट्रेन में अपने आप ब्रेक लग जाता है। तकनीक का मकसद ये है कि ट्रेनों की स्पीड चाहे कितनी भी हो, लेकिन कवच के चलते ट्रेनें टकराएंगी नहीं। यह तो समय ही बताएगा कि दिल्ली-भटिंडा रेल मार्ग पर कब तक रेल विभाग द्वारा कवच लगाया जाएगा।

## देर रात बारिश से मौसम खुशगवार



### मोबाइल छीनने के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में नाबालिग युवक को काबू किया है। नाबालिग युवक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेजा गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि चुन्नीपुरा निवासी अंकित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 20 फरवरी को अंकित प्रेम नगर चौक से फोन पर बाते करते हुए पैदल जा रहा था। तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक आए और अंकित का फोन छीन कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 24 जून को नाबालिग युवक को पुलिस अभिरक्षा में लिया था।

# महिला के साथ 25 लाख रुपये की ठगी

**रोहतक।** शास्त्री नगर निवासी एक महिला के साथ 25 लाख 18 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वाट्सअप चलाती है। इस दौरान एक जीएफएसएल नाम से वाट्सअप ग्रुप से जुड़ गई। मैंने आईपीओ लेने के लिए अप्लाई किया तो मुझे आईपीओ मिल गया। इसके लिए 1 लाख 5 हजार रुपये जमा करवाने के लिए कहा गया। इसके बाद 13 मई को मैंने अपने इंडस बैंक खाते से पांच हजार रुपये व एक लाख रुपये जमा करवा दिए। मेरे द्वारा जब ट्रेडिंग की जाती थी तो वह मेरी जीएसएफएल ऐप की आईडी पर दिखाई देती थी, इसी दौरान उन्होंने मेरा दूसरा आईपीओ अप्लाई कर दिया, जब इसकी लिस्ट लगी तो उसमें अपना स्टाक बेचना चाहा तो वह मेरे दूसरे आईपीओ में चला गया, जब मैंने उनसे बातचीत की तो उन्होंने मेरे दूसरे आईपीओ अप्लाई करने के लिए तीन लाख रुपये जमा करने को कहा गया। फिर 15 मई को मैंने अपने बैंक खाता 50-50 हजार रुपये कर कुल तीन लाख रुपये जमा करवा दिए। इसके बाद फिर अपना स्टाक बेचना चाहा तो जीएफसीएल ऐप पर मेरा द्वारा की गई ट्रेंडिंग से करीब 9.66 लाख रुपये दिखाई दिए। जब पैसे निकालने चाहे तो नहीं निकले।

### आईपीओ में निवेश के चक्कर में फंसी

इसी दौरान एक और आईपीओ अप्लाई हो गया। जब मैंने इसके बारे में बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि यह सब सिस्टम से आटोमेटिक चलता है। इस आईपीओ को बंद करने के लिए और अपने रुपये निकालने के लिए नया आईपीओ अप्लाई करने के लिए कहा गया। कहा कि इसके लिए 13.13 लाख रुपये जमा करने होंगे। फिर 21 मई को मैंने अपने बैंक खाता से 13.13 लाख रुपये जमा करवा दिए, जिसके बाद मेरी ऐप से ट्रेडिंग के करीब 26 लाख 99 हजार रुपये दिखाई देने लगे, उसके बाद जब मैंने अपने रुपये निकालने की कोशिश की तो मेरे रुपये नहीं निकले। जब कारण पूछा तो बताया गया कि चुनाव के कारण आईपीओ बंद है। जैसे ही चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होती है तो आईपीओ खुल जाएंगे। फिर बातचीत होती रही। उसके बाद जब चुनाव समाप्त हुए तो मैंने ऐप से रुपये निकालने चाहे तो नहीं निकले पाए, जब मैंने उनसे बातचीत की तो उन्होंने मुझे सारी अमाउंट पर टैक्स जमा करने के बाद रुपये निकलने के बारे कहा और टैक्स के रूप में आठ लाख रुपये करवाने को कहा। फिर छह जून को पैसे जमा करवा दिए। इसके बाद भी पैसे नहीं निकले। फिर आरोपितों ने आठ लाख रुपये जमा करने के लिए कहा, फिर शक हुआ कि धोखाधड़ी की जा रही है। इस तरह आरोपितों ने बातों में फंसाकर कुल 25 लाख 18 हजार रुपये की ठगी कर ली।

# मुख्यमंत्री आज 14 जिलों के लाभार्थियों को 30-30 गज के प्लांटों का करेंगे आवंटन

## ■ मदवि के टैगोर सभागार में होगा राज्य स्तरीय समारोह, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सैनी बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत लाभार्थियों को 30-30 वर्ग गज के प्लॉट का आवंटन करेंगे। रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रोहतक, झज्जर, जुलाना, सफीदों, गोहाना व रेवाड़ी के लाभार्थियों को आवंटित प्लॉट का प्रमाण पत्र वितरित करेंगे, जबकि करनाल, पिंजौर, जगाधरी, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, फतेहाबाद व सिरसा के लाभार्थियों को ऑनलाइन वेब लिंक के माध्यम से आवंटन पत्र दिया जाएगा।

■ एडीसी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने बताया कि हरियाणा हाउसिंग फोर ऑल विभाग के द्वारा प्रदेश के 14 जिलों के लाभार्थियों का चयन मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत किया गया है। इस योजना के तहत शहरी अंत्योदय परिवारों को 30-30 वर्ग गज के प्लॉट दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में रोहतक जिला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम तथा जगाधरी, पलवल, नारनौल व सिरसा जिला में जोनल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जगाधरी जिले में आयोजित कार्यक्रम में करनाल, पिंजौर व जगाधरी के लाभार्थी, पलवल जिला में पलवल के लाभार्थी, नारनौल में महेंद्रगढ़ व चरखी दादरी के लाभार्थी, सिरसा में फतेहाबाद व सिरसा के लाभार्थियों को आवंटित प्लॉट के प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।



### कार्यक्रम की वेब लिंक से होगी लाइव स्ट्रीमिंग

एडीसी वैशाली सिंह ने मंगलवार को एमडीयू के टैगोर सभागार में 26 जून को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने आयोजन स्थल पर गणमान्य व्यक्तियों, लाभार्थियों व अन्य अधिकारियों के सिटिंग प्लान फाइनल करने के साथ-साथ माइक व्यवस्था, बैकड्रॉप, मंच व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर अधिकारियों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा किए जा रहे सभी इंतजामों का मुआयना किया और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के वेब लिंक के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग भी की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

### महम में युवक से 1.77 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**महम।** कस्बा महम के वार्ड चार में एक व्यक्ति के साथ 1 लाख 77 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। थाना महम में दी शिकायत में महम के वार्ड 4 निवासी नरेश कुमार पुत्र नफे सिंह ने बताया कि आजाद चौक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में उसका बैंक खाता है। उसके इस बैंक खाते से किसी ने 1 लाख 77 हजार रुपए निकाल लिए गए। यह मामला ऑन लाइन ठगी का है। जिस खाते में गए हैं, वह बैंक खाता जोधपुर पवोटा की केनरा बैंक शाखा में श्याम ट्रेडिंग के नाम से है। नरेश कुमार ने पुलिस से अपने पैसे वापस दिलाने और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।






# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

लाइफ Style

# जाह्नवी बुरी तरह हुई ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।

इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'




## हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।



# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

## करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।



# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

### लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं


***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

# शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर, लापरवाही करने पर अधिकारियों पर कार्रवाई: संजीव वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सरकार द्वारा प्रदेशभर में शुरू किए गए समाधान शिविर को लेकर रोहतक मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने मंगलवार को सांय लघु सचिवालय में रोहतक मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। मंडल आयुक्त ने कहा कि लोगों की

■ लघु सचिवालय में रोहतक रेंज के अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक में प्रत्येक विभाग से रिपोर्ट तलब की

शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री बेहद गंभीर हैं। अधिकारी प्रत्येक समस्या को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका अति शीघ्र निपटारा करें, जो अधिकारी लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। तमाम विभागाध्यक्ष अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को फील्ड में भेज कर लोगों की लंबित शिकायतों का निपटारा करें। लघु सचिवालय में समाधान शिविर की समीक्षात्मक बैठक को संबोधित करते हुए मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने प्रत्येक विभाग से रिपोर्ट ली। उन्होंने सिंचाई विभाग, बिजली विभाग, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज, खाद्य आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित कई विभागों के अधिकारियों से शिकायतों बाबत पूछा। मंडल आयुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली तमाम शिकायतों के लिए चंडीगढ़ में चीफ सेक्रेटरी के साथ बीते रविवार को बैठक हुई थी। तमाम शिकायतों को मुख्यमंत्री सैनी खुद देख रहे हैं, इसलिए प्रत्येक विभाग सुनिश्चित करें कि लोगों को समाधान के लिए भटकना ना पड़े।

## जल्द से जल्द निपटाएं शिकायतें और गांवों की ड्रेनों की सफाई तुरंत करें


रोहतक। रोहतक मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक लेते मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा

आयुक्त संजीव वर्मा ने बारी-बारी से प्रत्येक विभाग के अधिकारियों से फीडबैक लिया, जो शिकायतें जिला स्तर पर निपटाई जा सकती हैं, उन्हें तुरंत निपटाएं और जो मामले हेडक्वार्टर से संबंधित है, उन्हें चंडीगढ़ भेज कर समाधान करवाने का काम करें। मंडल आयुक्त ने कहा कि किसी भी अधिकारी व कर्मचारी के बहाने नहीं चलेंगे। लोगों की शिकायतों का निपटारा करें। उन्होंने कहा कि पेंशन, राशन, मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना, बिजली के नए कनेक्शन, नए ट्रांसफार्मर, इंतकाल, परिवार पहचान पत्र, फैमिली आईडी जैसी शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करें। उन्होंने अधिकारियों को साफ तौर पर कहा कि आज बैठक में जो समीक्षा हुई है, उसकी रिपोर्ट जल्द ही ली जाएगी। मंडलायुक्त वर्मा ने कहा कि गांव की ड्रेनों की सफाई जल्द से जल्द से सुनिश्चित करें। बारिश के मौसम में गांवों में जल भराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक पंचायत के साथ मिलकर प्राथमिकता के साथ काम करें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में झज्जर जिला के उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, एडीसी रोहतक वैशाली सिंह, भिवानी एडीसी हर्षित कुमार, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक व अंकिता वर्मा, सोनीपत की संयुक्त आयुक्त रेनूका नांदल, चरखी दादरी के जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, मंडल आयुक्त के निजी सहायक राकेश, सहित रोहतक मंडल के पांचों जिलों के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## संपत्ति की सूचना प्रमाणित करवाने के काम में लाएं तेजी: अंकिता वर्मा

**रोहतक।** नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा ने संपत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के कार्य में तेजी लाने के आदेश जारी किए हैं। संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा ने कर शाखा द्वारा किए जा रहे कार्य की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा इस कार्य में तेजी लाई जाए और ज्यादा से ज्यादा टैक्स जमा करवाने के लिए प्रयास किए जाएं। साथ ही कहा कि आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करना बहुत जरूरी है। **ऐसे करें स्वः प्रमाणितः** सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करना बिलकुल आसान है। आप अपनी सम्पत्ति के विवरण को अपने घर से भी प्रमाणित कर सकते हैं। सम्पत्ति की सूचना प्रमाणित करने के लिए सबसे पहले सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान एवं अदेय प्रमाणपत्र पोर्टल **https://property.ulbharyana.gov.in/** पर अपने मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगइन करे। लॉगइन के पश्चात आपको मोबाइल नम्बर जुड़ी हुई सम्पत्ति दिखाई देगी या पोर्टल पर सम्पत्ति आईडी के माध्यम से अपनी सम्पत्ति खोजे, जहां पर आपको डिटले और स्वतः प्रमाणित दिखाई देगा, इसके खोलने पर आपको सम्पत्ति का सम्पत्ति विवरण, मोबाइल नम्बर, मालिक का विवरण, सम्पत्तिपर बकाया राशि का विवरण जैसे कि सम्पत्तिकर, फायर टैक्स, विकास शुल्क के साथ सम्पत्ति अधिकृत क्षेत्र, अनाधिकृत क्षेत्र का विवरण दिखाई देगा। सभी विवरण पर आपको हां व नहीं का विकल्प दिखाई देगा यदि आपकी सम्पत्ति का ब्यौरा सही है तो हां दर्ज करने के पश्चात आपको परिवार पहचान पत्र का विकल्प दिखाई देगा यदि आपके पास परिवार पहचान पत्र की आईडी हो उसे भरे अन्यथा सम्पत्ति में रजिस्ट्रड मोबाइल नम्बर पर आपके पास ओटीपी प्राप्त होगा। जिसे भरकर सूचना स्वतः प्रमाणित करें।

■ संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा ने कर शाखा के कार्य की समीक्षा की

## समाधान शिविर में 107 शिकायतें पहुंची मौके पर किया समाधान


रोहतक। शिकायतें सुनते हुए अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में आयोजित 11वें समाधान शिविर में मंगलवार को 107 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर बाकी सभी शिकायतों को निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को तुरंत निपटाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से संबंधित 21 शिकायतें, प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित 21 शिकायतें, जिला समाज कल्याण विभाग से संबंधित 10 शिकायतें तथा अन्य विभागों से संबंधित 55 शिकायतें प्राप्त हुई। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने मौके पर उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा लोगों की सभी विभागों से संबंधित समस्याओं को एक ही स्थान पर लेने के उद्देश्य से यह समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसलिए सभी के लिए यह आवश्यक है कि शिविर में आने वाली शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ इन समस्याओं का निपटान करें।

## खबर संक्षेप



### आरक्षण पर पिछड़ा वर्ग ने आभार जताया

**रोहतक।** हरियाणा में ओबीसी वर्ग के आरक्षण में क्रिमिलेयर को बढ़ाकर 8 लाख करने और इस आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किए जाने पर पिछड़ा वर्ग ने खुशी जताई है। समाज ने ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण अब केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर सभी पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत किए जाने पर विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गैंगवा और हरियाणा भाजपा पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष करण देव कंबोज का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मिट्टी कला बोर्ड हरियाणा के अध्यक्ष ईश्वर सिंह मलवाल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, संदीप प्रजापति, कृष्ण शास्त्री, जगफूल अंबेडकर, जितेंद्र दक्ष और साहिल उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री सैनी की घोषणा को सराहा

**रोहतक।** पिछड़ा वर्ग ने मंगलवार को बैठक कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई घोषणाओं पर आभार प्रकट किया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुभाष सैनी ने बताया कि सीएम ने कुछ दिन पहले घोषणा की है कि क्रीमी लेयर की आय सीमा छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख कर दी जाएगी। जिसमें व्यक्ति की कृषि और वेतन की आय को शामिल नहीं किया जाएगा। इस घोषणा से पिछड़ा वर्ग को काफी फायदा होगा। मीटिंग में शान्ता कमार आर्य, धर्म सिंह दहिया, अवनीश, तुमार सैनी, नामसिंह आर्य, जगदीश, राजेश, देवीशंकर, सतवीर , सतीश प्रजापति, बीरेन्द्र स्वामी, जगदीश भट्टी, योगेश आदि मौजूद रहे।



### रविदास मंदिर में सत्संग हॉल का उद्घाटन किया

**रोहतक।** गांव पहरावर में संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर में सत्संग हॉल का उद्घाटन समाजसेवी कर्मवीर मायना ने किया। मंदिर कमेटी द्वारा कर्मवीर मायना को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कर्मवीर मायना ने मंदिर के अधूरे कार्यों को पूरा करवाने के लिए 31 हजार रुपये दिए। इस अवसर पर अंबाला से आए हुए संत रविदास की वाणी का पाठ किया और सभी लोगों को प्रसाद बांटा। इस अवसर पर गांव के रिटायर्ड मुख्याध्यापक मास्टर सत्यनारायण, सूबेदार हवा सिंह, कीडूराम, सतीश, सतनारायण व कमेटी के प्रधान प्रवीण, पवन, सुरेश राणा, पंडित श्रीभगवान मौजूद रहे।

## हर घर जल योजना अटकी, चल रही ठेकेदार की मनमर्जी, प्रशासन भी लाचार

# समचाना में उखड़ी पड़ी गलियां, पाइप दबे, छह महीने में पूरा होना था काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

समचाना गांव में गलियों को उखाड़ दिया गया है, पाइप दबा दिए गए, लेकिन कनेक्शन नहीं किए जा रहे। हर घर जल योजना पर यहां ढाई साल से काम नहीं हो रहा, जबकि 6 महीने में यह काम पूरा होना था। इससे ग्रामीणों में रोष है और डीसी से भी शिकायत कर चुके हैं। शिकायत के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया जा रहा।

योजना धूमल हो रही है। इस योजना के लिए सरकार द्वारा करीब साढे 28 लाख मंजूर किए हुए हैं। ढाई वर्ष बाद भी काम पूरा नहीं हुआ है। इसे लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है और न ही लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है। जिसकी बदौलत गांव के लोग गर्मी के सीजन में पेयजल को लेकर परेशानी का सामना कर रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा हर घर जल पहुंचाने की योजना है।

■ शिकायत के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया जा रहा

इस योजना के मुताबिक समचाना गांव के लिए करीब 28 लाख रुपये 2021 में मंजूर हुए थे। हर घर तक पानी का कनेक्शन करने के लिए एक कंपनी को ठेका दिया गया। काम पूरा करने के लिए 6 महीने का समय दिया गया था। लेकिन ढाई वर्ष बीतने के बाद भी योजना अधूरी पड़ी है। इस भंयकर गर्मी में पीने के पानी के लिए लोग मुसीबत झेल रहे, लेकिन प्रशासन इसको लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा।

### ढाई साल होने बाद भी अधूरा



**शिकायत आला अधिकारियों को भेजी**

कंपनी की लापरवाही की शिकायत आला अधिकारियों को भेज चुके हैं। करवाई उन्हें करनी है। 6 महीने में काम पूरा करके देना था, लेकिन अभी तक अधूरा है।

*-अनिल कुमार, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी*

### बच्चों और बूढ़ों को खतरा

*ग्राम पंचायत का कहना कि वह पब्लिक हेल्थ विभाग के अलावा उपयुक्त को भी समस्या से अवगत करा चुके हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को भी पंचायत मेंबर जिला उपायुक्त अजय कुमार से मिले। गांव की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 2021 में गांव में हर घर का जल पहुंचने के लिए विभाग ने एक कंपनी को ठेका दिया था। ठेकेदार ढाई वर्ष बीतने के बाद भी काम पूरा नहीं कर रहा। कुछ गलियों में पाइप दबे हैं तो गालियां उखड़ी पड़ी हुई है आज तक कनेक्शन नहीं किए गए। उखड़ी पड़ी गलियों की वजह से बच्चों और बूढ़ों को भी निकलना मुश्किल हो रहा है। ठेकेदार भी उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा।*

### शिकायत पर भी समाधान नहीं

*प्रधान सतीश कुमार, पंच एकानंद, संतराम, सुनील, नरेश कुमार अनिल, जयसिंह आदि ने बताया कि गांव में पानी का संकट बना हुआ है। उपायुक्त व पब्लिक हेल्थ विभाग से शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं हो रहा। गांव की हर गली में पानी की पाइप दबाने के लिए 2021 में प्राइवेट एजेंसी को टेंडर दिया गया था। कंपनी ने 6 महीने में काम पूरा करके देना था। आज ढाई वर्ष बीतने ने के बाद भी अधूरा है। समचाना के ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी के आगे प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। शिकायत करने के बाद भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।*


रोहतक। इंडो-नेपाल एकल नाट्य समारोह नेपाल में भाग लेकर हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स रोहतक के कलाकार वापस लौटे।

## नेपाल में अभिनय के रंग जमा कर लौटे हिपा के नाट्यकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ कलाकारों ने भारत-हरियाणा की संस्कृति का नेपाल के कलाकारों के साथ आदान प्रदान किया

इंडो-नेपाल एकल नाट्य समारोह नेपाल में भाग लेकर हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स रोहतक के कलाकार वापस लौट आए हैं। इन कलाकारों ने नेपाल के पोखरा में तीन एकल नाटकों की प्रस्तुति दी। तीनों ही नाटकों का निर्देशन विश्वदीपक त्रिखा द्वारा किया गया।

नाट्य प्रस्तुति के अलावा कलाकारों ने भारत और हरियाणा की संस्कृति का नेपाल के कलाकारों के साथ आदान प्रदान किया। गौरतलब है कि पोखरा थिएटर के अध्यक्ष परिवर्तन एवं कोऑर्डिनेटर राज न्यूपाने के विशेष अनुरोध पर हिपा के कलाकारों को पूर्व गृह राज्यमंत्री सुभाष बत्रा ने 19 जून को अपना आशीर्वाद दे कर रोहतक से रवाना किया था। हिपा के कलाकार ललित खन्ना ने 21 तारीख को पोखरा थिएटर हाल में निर्मल वर्मा द्वारा लिखे नाटक डेढ़ इंच ऊपर का मंचन किया। खचाखच भरे सभागार में संगीत नाटक अकादमी पोखरा के पूर्व कुलपति सारुभागता श्रेष्ठा मुख्य अतिथि तथा पोखरा के एसएसपी माओत्से गुरुंग विशेष अतिथि के रूप में पधारे। नाटक को दर्शकों ने पसंद किया। डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने नादिरा जाहिर बब्बर द्वारा लिखित नाटक दयाशंकर की डायरी का मंचन किया।

तीसरे नाटक किस्सागोई 3 का मंचन हिपा के अध्यक्ष विश्व दीपक त्रिखा ने किया। तीनों ही नाटकों की संगीत एवं प्रकाश व्यवस्था को जगदीप जुगनू ने संभाला। निर्माण व्यवस्था की जिम्मेदारी कर्नल सिंह ने संभाली। उन्होंने किस्सागोई 3 को को भी संगीत से सजाया। विश्व दीपक त्रिखा ने बताया कि दिसंबर में नेपाल के कलाकारों के आने की संभावना है।

## दा आर्यन ग्लोबल स्कूल करौंथा की छात्रा सारिका रेसलिंग में प्रथम रही

**रोहतक।** दा आर्यन ग्लोबल स्कूल करौंथा की बारहवीं कक्षा की छात्रा सारिका मलिक ने नोएडा में 19 से 24 जून को आयोजित रेसलिंग प्रतियोगिता 65 किलोग्राम उत्तोलन भार में प्रथम स्थान प्राप्त कर श्रेष्ठ खिलाड़ियों में अपनी जगह बना ली है। सारिका के इस बेहतरीन प्रयास को देखकर अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिल रही है। सारिका ने न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, ब्लकि स्कूल व जिले में भी विशेष स्थान हासिल कर लिया है। मैनेजमेंट सदस्यों, स्कूल प्रबंधक सुरेश सिंगला व प्रधानाचार्य राजकुमार खन्ना सारिका के प्रयास को उत्तम बताते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## नशे के खिलाफ लड़ाई में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लें:डॉ. आशीष

**रोहतक।** हर वर्ष 26 जून को विश्व मादक पदार्थ दुरुपयोग और अवैध तस्करी विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नशे की लत और अवैध तस्करी के खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज को नशा मुक्त बनाना है। यह बात सेक्टर-2 स्थित मलिक न्यूरोसाइकियाट्री सेंटर के डॉ. आशीष मलिक ने कही। उन्होंने कहा कि नशे की लत एक गंभीर वैश्विक समस्या है जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य, परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डालती है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से मुक्ति के लिए सही उपचार और पुनर्वास महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नशे की लत एक बीमारी है और इसके शिकार लोगों को समाज से अलग नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उनका समर्थन किया जाना चाहिए। मलिक ने कहा कि इस दिवस पर हम सब मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लें।


डॉ. आशीष मलिक

## शिव मंदिर में तीन दिन में दूसरी चोरी

रोहतक। शिवाजी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में हुई चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसे एक महिला व पुरुष वारदात को अंजाम दे रहे हैं। आरोपी तीन दान पात्रों को लेकर फरार हो गए। मंदिर में 2 दिन पहले भी वारदात हुई थी। मंदिर के पंडित संदीप पाठक ने बताया कि जब वह मंगलवार सुबह मंदिर में पहुंचे तो देखा कि दानपात्र चोरी हो रखे हैं। सीसीटीवी चेक किया तो पता लगा कि अल सुबह करीब साढ़े 3 बजे चोरी की गई। यह मंदिर में तीन दिन में दूसरी चोरी है। सीसीटीवी को चेक किया तो पता लगा कि आरोपी रेलवे लाइन की तरफ लेकर गए हैं। दानपात्र काफी समय से नहीं खोले थे इसलिए उनमें हजारों रुपये होने का अनुमान है। मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।


सीसीटीवी में कैद आरोपित ।

## स्कूटी सवार को रोक युवकों ने की मारपीट

**रोहतक।** गोहाना स्टैंड के पास स्कूटी सवार व्यक्ति का रास्ता रोककर कुछ युवकों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान भी कर ली गई है। जगदीश कॉलोनी निवासी घायल सतीश बजाज ने पुलिस बताया कि वह गोहाना अड्डा पर फलों की रेहड़ी लगाता है। 24 जून को रात करीब 9:45 मिनट पर एक्टिवा से घर जा रहा था। रास्ते में शंटी कबाड़ी वाले चौक के पास पहुंचा तो पीछे से दो एक्टिवा पर छह लड़के आए और स्कूटी मेरे आगे खड़ी करआंखों में मिर्च डालकर हाथापाई करने लगे। हमला करने वालों में दो लड़के है। जिनकी पहचान हुई है। जो पहाड़ा मौहल्ला के शुभम व रितिक हैं। पुलिस शिकायत के आधार आरोपितों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।


सीसीटीवी में कैद आरोपित ।

## सरकार यूनिवर्सिटी संसाधनों का प्रयोग बंद करें : दीपक मलिक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री नायब सैनी का प्रोग्राम है। इसको लेकर छात्र नेता दीपक मलिक ने सवाल खड़े किए। इन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार यूनिवर्सिटी का बजट कम कर रही है, वहीं दूसरी और यहां के संसाधन को प्रयोग करती है। जिस ऑडिटोरियम में सीएम का कार्यक्रम है, उसका एक दिन का किराया दो लाख है। सरकार किराए के रूप में यूनिवर्सिटी को फूटी कौड़ी भी नहीं देगी। मलिक ने कहा कि अपना खर्च चलाने के लिए यूनिवर्सिटी फीस बढ़ाती है तो छात्र हो-हल्ला करते हैं। ऐसे में तो एक दिन यूनिवर्सिटी पूंजीपति के हवाले कर दी जाएगी। एजुकेशन सेस के नाम सरकार प्रतिवर्ष हजारों करोड़ एकत्रित करती है।

## समस्याओं को लेकर आवाज उठाने वाले जसबीर सम्मानित

**रोहतक।** शहर में बिजली पानी, सड़क और सफाई को लेकर आवाज उठाने वाले समाजसेवी जसबीर कुमार को कॉलोनी निवासियों ने सम्मानित किया। उनके घर पहुंचे आसपास की कॉलोनियों के लोगों ने कहा कि जसबीर कुमार हमेशा उनके वार्ड की समस्याओं को लेकर आंदोलन करते हैं। वह समस्याओं को अधिकारियों के संज्ञान में लाते हैं और फिर उसका समाधान भी करवाते हैं।

वह कई माह से सफाई और पानी की किल्लत के मुद्दे पर काम कर रहे हैं। वह कई समस्याओं का निवारण करवा चुके हैं। इस मौके पर जसबीर कुमार ने कहा कि वह भविष्य में भी लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयास करते रहेंगे। उनका स्वागत करने वालों में डॉ राजमोहन परमार, मोहनलाल, सुरेश, ओम प्रकाश, राहुल, अनीता ,राममूर्ति, सतीश भारद्वाज, राखी ,कमलेश, हर्षित, कनिका व शिवानी आदि उपस्थित रहे।


रोहतक। जसबीर कुमार को सम्मानित करते कॉलोनी निवासी।

**सूचना**

मैं, राजो पत्नी स्व. सुंदर निवासी गांव मोखरा रोझ तहसील महम जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र कुलदीप मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


रोहतक। पौधारोपण करते हुए श्री राधा कृष्ण वृजधाम सेवा ट्रस्ट के प्रधान पंडित रामगोपाल ।

## जगन्नाथ आश्रम बालग्रह अनाथ आश्रम में किया पौधरोपण

**रोहतक।** बाल विकास भवन के जगन्नाथ आश्रम बालग्रह अनाथ आश्रम में श्री राधा कृष्ण वृजधाम सेवा ट्रस्ट द्वारा पौधरोपण व अनाथ बच्चों को प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान पंडित रामगोपाल ने हवन पूजन किया। यह जानकारी श्री राधा कृष्ण वृजधाम सेवा ट्रस्ट के प्रधान पंडित रामगोपाल ने दी।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी पंडित योगेश कौशिक, व्यवस्था प्रमुख पंडित राकेश, पंडित महेश चंद्र, पंडित काहना, खाटू श्याम मंदिर खरावड़ धाम के प्रधान मोनू मलिक, संजय मलिक, पंडित प्रमोद चंद्र दानी आदि मौजूद रहे।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र**
- मन उदास रहना (डिप्रेशन),
- चिन्ता करना, नींद की समस्याए
- फिजूल के विचार आना (OCD)
- सिरदर्द (माइग्रेन)
- शक-वहम होना
- सभी प्रकार के दौरे
- बाईपोलर डिसार्डर
- भूलने की बीमारी
- नशा मुक्ति
- अत्यधिक गुस्सा करना
- स्किजोफ्रेनिया,
- घबराहट
- बच्चों की व्यवाहारिक समस्याएं
- बेचैनी

यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466 8685805302

**खबर संक्षेप**

## भैणी चंद्रपाल में जमीनी विवाद, दो पर केस दर्ज

**महम।** भैणींचंद्रपाल गांव निवासी सूबेदार धर्मबीर सिंह ने महम थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी सरोज कांता के नाम पर जमीन नाम थी। उसकी पत्नी की मौत 15 नवंबर 2023 को हो गई थी। यहां उनकी डेढ़ एकड़ जमीन है। यह जमीन उन्होंने 2007 में खरीदी थी। उनके गांव के ही मनोज कुमार पुत्र कुशहाल और सतीश पुत्र आजाद ने पटवारी अशोक से मिलीभगत करके उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया। पटवारी अशोक रिश्ते में मनोज का जीजा लगता है। पटवारी ने अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए इनको लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। 28 अगस्त 2014 से इस जमीन पर हाईकोर्ट का स्टे है। इस केस की आगामी पेशी 24 सितंबर 2024 है। गत दिवस वह खेत में गया तो मनोज कुमार और सतीश ने उसके साथ मारपीट की। इस संबंध में पुलिस ने मनोज कुमार और सतीश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## राजकीय कॉलेज महम में विस्तार व्याख्यान आज

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में बुधवार को विश्व औषधि दिवस के मौके पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि हर साल ही 26 जून को वे वर्ल्ड ड्रग्स डे मनाते हैं। इस बार उनके कॉलेज में विस्तार व्याख्यान देने के लिए महम के सरकारी अस्पताल से स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील अहलावत पहुंचेंगे। वे विद्यार्थियों और कॉलेज स्टाफ को विश्व ड्रग दिवस मनाने के पीछे के कारणों के बारे जानकारी देंगे। साथ ही ड्रग्स से होने वाले नुकसान व फायदों पर प्रकाश डालेंगे। विश्व ड्रग दिवस एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य समाज में अवैध दवाओं की प्रमुख समस्या के बारे में बताएंगे।

# दाखिले की तारीख बढ़ी, अब 30 तक लिए जाएंगे आवेदन

## इस बार भी कॉलेजों में सीटों के मुकाबले कई-कई गुना आवेदन आए

उच्चतर शिक्षा विभाग के डायरेक्टर जनरल ने सभी राजकीय महाविद्यालयों, एडेड कॉलेजों और सेल्फ फाइनेंस कॉलेज के प्राचार्यों को पत्र लिखा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक, महम




कॉलेजों में यूजी कक्षाओं के दाखिले के इच्छुक छात्रों के लिए राहत की खबर है। अब दाखिले के लिए आवेदन करने की तारीख 30 जून तक बढ़ा दी है। पहले 26 जून अंतिम तिथि थी। पोर्टल पर अगले पांच दिन और ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग के डायरेक्टर जनरल ने इसके लिए सभी राजकीय महाविद्यालयों, एडेड कॉलेजों और सेल्फ फाइनेंस महाविद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र लिखा है। बता दें कि इस बार भी कॉलेजों में सीट के मुकाबले कई-कई गुना आवेदन आए हैं। अंतिम दिन भी सैकड़ों छात्रों ने आवेदन किया। लेकिन बहुत से विद्यार्थी ऐसे थे जो आवेदन करने में पीछे रह गए थे, उनके लिए अब विभाग ने रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ा दी है। ऑनलाइन आवेदन के साथ-साथ दस्तावेजों की जांच भी चल रही है और जा छात्र पूरे कागजाम जमा नहीं करवा पाए, उन्हें फोन पर सूचना दी जा रही है।

राजकीय महाविद्यालय महम में बीए की 640 सीट हैं। बी कॉम की 160, बीसीए की 80 और बीएससी 160 सीट और बीएससी मैथ की 40 सीट हैं। कुल 1080 सीटों पर अब तक 505 विद्यार्थियों ने ही दाखिले के लिए ऑन लाइन आवेदन किया है। प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष के लिए 416 आवेदन आए हैं। जबकि बीसीए के लिए 35, बीएससी मैथ के लिए 10, बीएससी नॉन मेडिकल के लिए 14 और बी कॉम में दाखिले के लिए 30 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। प्रदेश सरकार ने मोखरा गांव में साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय बनाया था। मोखरा के राजकीय महाविद्यालय में लड़के भी दाखिला ले सकेंगे। प्रिंसिपल डॉ. सीमा जैन ने बताया कि इस कॉलेज में कला संकाय की 160 सीट हैं। अब तक इन सीटों पर 115 ऑन लाइन आवेदन मिले हैं।

### हिंदी मेजर में सबसे कम आवेदन

नेकीराम कॉलेज अब तक बीए के लिए सबसे ज्यादा 720 सीट पर 4650 आवेदन आए हैं। बीसीए में 120 सीटों पर 1478 और बीबीए में 60 सीट पर 671 छात्रों के रजिस्ट्रेशन किया है। अन्य कोर्स भी आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या सीट के मुकाबले कई गुना है। बी कॉम के लिए तीन गुना आवेदन आए हुए हैं। हिंदी मेजर में सबेस कम 80 सीट पर कुल 94 छात्रों रजिस्ट्रेशन किया है। आईसी कॉलेज की बात करें तो बीए हिंदी मेजर की 60 सीट पर कुल 58 आवेदन आए हैं। यहां सबसे ज्यादा बीए में 2125 छात्रों ने आवेदन किया है। बीबीए की 60 सीट पर 207 छात्रों का रजिस्टेशन है।

- राजकीय महाविद्यालय महम में बीए की 640 सीट हैं। बी कॉम की 160, बीसीए की 80 और बीएससी 160 सीट और बीएससी मैथ की 40 सीट हैं। कुल 1080 सीटों पर अब तक 505 विद्यार्थियों ने ही आवेदन किया

### आईटीआई में 3 हजार से ज्यादा आवेदन, 28 को पहली लिस्ट

**महम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए ऑन लाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई थी। आईटीआई में दाखिले के लिए महम क्षेत्र की तीन आईटीआई में 3 हजार से ज्यादा छात्रों ने आवेदन किया है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मदीना में दाखिले के लिए 959 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। मदीना आईटीआई ने दाखिले प्रक्रिया शेड्यूल जारी कर दिया है। पहली मैरिट लिस्ट 28 जून को जारी कर दी जाएगी। आईटीआई स्तर पर दस्तावेजों की जांच 28 जून से 2 जुलाई तक की जाएगी। फीस जमा करवाने का समय 28 जून से 3 जुलाई तक तय किया गया है। प्रधानाचार्य दर्शन कुमार ने बताया कि उनके यहां पर दो वर्षीय और एक वर्षीय व्यवसाय में दाखिले किए जा रहे हैं। यहां पर 16 ट्रेड हैं। प्रत्एक यूनिट में 20 सीट हैं।

### फरमाणा में 325 ने किया आवेदन

प्रदेश सरकार द्वारा फरमाणा गांव में सैमाण रोड पर राजकीय औदयोगिक प्रशिक्षण संस्थान शुरू किया गया है। इस संस्थान में कुल 9 ट्रेड हैं। इन ट्रेड्स में कुल 320 सीट हैं। यहां दाखिले के लिए 325 विद्यार्थियों ने दाखिले के लिए ऑन लाइन आवेदन किया है। प्रिंसिपल सुरेश कुमार अहलावत ने बताया कि विद्यार्थियों का सबसे अधिक रुझान इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में देखने को मिला है। 176 विद्यार्थियों ने इस ट्रेड में दाखिले के लिए आवेदन किया है। जबकि यहां पर इलेक्ट्रिशियन की 24 सीट ही हैं। इसी प्रकार कंप्यूटर यानि कोपा की 24 सीटों पर 65 विद्यार्थियों ने दाखिले की इच्छा जताई है। फरमाणा आईटीआई में फीटर, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, मशिनिस्ट, कोपा, प्लंबर, वेल्डर, आरएसी, ड्राफ्समैन, मकैनिकल व टर्नर ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जाता है। टर्नर ट्रेड में दो यूनिट हैं, जबकि बाकि कोर्सेज में एक एक युनिट हैं।

**महम आईटीआई में 2 हजार से अधिक आवेदन:** मंगलवार को ऑन लाइन आवेदन का अंतिम दिन था। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में 21 ट्रेड हैं। आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए 660 सीट निर्धारित हैं। इन सीटों पर अब तक 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया है।

### हसनगढ़ आईटीआई में 250 आवेदन ज्यादा

सांपला। आईटीआई में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई। इस बार आईटीआई में दाखिले को लेकर मेरिट ऊपर जाएगी। आईटीआई में निर्धारित सीटों से करीब 250 आवेदन अधिक पहुंच गई। ऐसे में दाखिले को लेकर मेरिट लिस्ट काफी ऊंची जाएगी। हसनगढ़ आईटीआई में सभी ट्रेडों में 660 सीटें हैं। जिस पर 946 आवेदन आए हैं। प्राचार्य रविंदर चहल ने बताया कि 28 जून को पहली मेरिट लिस्ट लगेगी और उसकी फिजिकल वेरिफिकेशन की जाएगी। तीन जुलाई तक छात्र फीस भर सकेगा।

## एमडीयू के राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक के लिए सफाई कर्मचारी देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिला सैनिक बोर्ड रोहतक की सचिव और पूर्व सैनिक राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक की चरमराती सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर अंकिता वर्मा से मिले। उन्होंने स्मारक के लिए एक सफाई कर्मचारी नियुक्त करने की मांग की। ज्वाइंट कमिश्नर ने जल्द एक सफाई कर्मचारी नियमित तौर पर उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर को ज्ञापन में पूर्व सैनिकों ने बताया कि महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के गेट नंबर-1 के पास राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक की देखभाल की जिम्मेदारी प्रशासन ने जिला सैनिक बोर्ड को दे रखी है। यहां के रखरखाव और साफ सफाई के लिए एक सफाई कर्मचारी स्थाई तौर पर नियुक्त रहता था। कुछ दिन पहले यहां नियुक्त सफाई कर्मचारी रिटायर हो गया है। उसके बाद यहां पर सफाई और रखरखाव के लिए कोई कर्मचारी नहीं है। इसकी मांग को लेकर जिला सैनिक बोर्ड सचिव विंग कमांडर गौरिका सुहाग उपायुक्त को सूचित कर चुकी हैं। उन्होंने यहां सफाई कर्मचारी नियुक्त करने के लिए निगम ज्वाइंट कमिश्नर को दिशा निर्देश दिए हैं।

**वीआईपी भी आते हैं, सफाई करवाएं:** जिला सैनिक बोर्ड सचिव विंग कमांडर गोरिका सुहाग, हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रवक्ता के कैप्टन जगबीर मलिक, खजांची कैप्टन सुखबीर अहलावत, जिला रोहतक के प्रधान सिल्क राम लठवाल, हवलदार धर्मवीर खटकड़ और हवलदार नरेंद्र सिंह ने बताया कि स्मारक यहां किसी न किसी वीआईपी का आना लगा रहता है।

## युवक को कुचलने के आरोप में ड्राइवर पर केस दर्ज

**महम।** मदीना गांव में ड्राइवर ने एक युवक के पेट पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। युवक को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में दाखिल करवाया गया है। बहु अकबरपुर थाने में दी शिकायत में नूंह जिला के तावड़ू थाना क्षेत्र के गांव गुरनावट निवासी जुबेर पुत्र अब्दुल रहिम ने बताया कि वह हरियाणा के रोहतक जिले में भूसा खरीदने बेचने का काम करता है। उसका 16 वर्षीय बेटा अरबाज खान उसके साथ रहता है। मदीना गांव में उसने भूसा खरीद रखा था। वहां पर अरबाज खान भी आया हुआ था। दिन में गर्मी होने के कारण वे रात को ट्रैक्टर में भूसा लोड करते हैं। उसका लड़का रात के समय सो रहा था। वहीं से रास्ता निकल रहा था। वहीं पर ट्रैक्टर ट्रॉली में भूसा लोड करने का काम खरक गांव निवासी संदीप पुत्र राज सिंह कर रहा था। संदीप ने बिना देखे अपने ट्रैक्टर को तेज गति से चलाकर उसके सो हुए बेटे अरबाज खान के ऊपर टायर चढ़ा दिया। पेट पर टायर चढ़ते ही वह चिल्लाया। उसके बाद वहां काम कर रहे लोगों ने उसको उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया।



रोहतक। छोटूराम स्टेडियम के खिलाड़ियों की जांच करते हुए डॉ. राजेश रोहिल्ला वरिष्ठ प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

## पीजीआई के खेल चिकित्सा विभाग ने खिलाड़ियों में विटामिन- डी का स्तर जांचा

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के खेल चिकित्सा विभाग और खेल चोट केंद्र की टीम ने अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों के नमूने एकत्र करने के लिए सर छोटू राम स्टेडियम का दौरा किया। खिलाड़ियों में विटामिन डी के स्तर का आंकलन करने के लिए रोहतक के स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा एक परियोजना को मंजूरी दी गई है। चिकित्सकों ने बताया कि सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने से शरीर में विटामिन डी का उत्पादन होता है। विटामिन डी के अन्य महत्वपूर्ण शाकाहारी स्रोत मशरूम और फोर्टिफाइड दूध हैं। खिलाड़ियों में अक्सर विटामिन डी की कमी पाई जाती है और इसके कम स्तर से खिलाड़ियों का प्रदर्शन स्तर और प्रतिरक्षा कम हो जाती है। टीम में डॉ. राजेश रोहिल्ला वरिष्ठ प्रोफेसर और खेल चिकित्सा विभाग के प्रमुख और खेल चोट केंद्र, डॉ. सोनू, डॉ. मंदीप खेल मनोवैज्ञानिक और डॉ. दीपशिखा खेल फिजियोथेरेपिस्ट शामिल रहे।

## सेक्टर-3 में व्यक्ति के साथ 2.64 लाख की ठगी

**रोहतक।** ऑनलाइन ठगी रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए भी लोगों को लगातार जागरूक किया जाता है। इसके बाद भी लोग ठगी का शिकार हो रहे है। अर्बन स्टेट पुलिस को सेक्टर-3 निवासी राजबीर ने ठगी का केस दर्ज करवाया है। राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-3 में रहता हूं। मेरे साथ 2 लाख 64 हजार 114 रुपये की ठगी हुई है। शिकायत में बताया कि उनके मोबाइल पर मैसेज आया, जिसमें मुझे रोजाना दो हजार से चार हजार रुपये तक कमाने लालच दिया गया। फिर मुझे टेलीग्राम से जोड़ा गया। मैंने आरोपितों के खाते में 2 लाख 64 हजार 114 रुपये भेज दिए। पैसे मांगे तो वापस नहीं दिए।

## 10 साल से वेतन बढ़ोतरी नहीं, आंदोलन करेगा सीटू

- बैठक की अध्यक्षता सीटू राज्य अध्यक्षा सुरेखा ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक






रोहतक। सुखपुरा चौक स्थित राज्य मुख्यालय प्रभात भवन में सीटू की राज्य कार्यकारिणी की बैठक को सम्बोधित करते सीटू उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह और कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद सीटू के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सुखपुरा चौक स्थित राज्य मुख्यालय प्रभात भवन में सीटू की राज्य कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सीटू राज्य अध्यक्षा सुरेखा ने की। बैठक में न्यूनतम वेतन 26000 रुपये घोषित न करने और औद्योगिक श्रमिक, मनरेगा और निर्माण कामगारों समेत श्रमिकों के मुद्दों के प्रति सरकार के रवैया के खिलाफ 10 जुलाई को प्रदेशभर के जिला मुख्यालय पर पड़ाव डाला जाएगा और चरणबद्ध आंदोलन होगा। सीटू उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 10 साल से हरियाणा में न्यूनतम वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई।

कानूनी रूप से हर 5 साल में मजदूरों का वेतन रिवाइज किया जाना चाहिए। सीटू राज्य महासचिव जय भगवान ने कहा कि हरियाणा के विकास में मजदूरों का बुनियादी योगदान है, लेकिन उनकी न सरकार सुन रही और न ही ब्यूरोक्रेसी। राज्य के उद्योग मजदूरों के लिए आग की भट्ठी बन गए हैं। लोकसभा चुनाव में मजदूरों ने अपने गुस्से का इजहार वोट के रूप में किया है। यदि लगातार अनदेखी की जाती रही तो भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने में मजदूर कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बैठक में को सीटू के प्रांतीय उपाध्यक्ष सतबीर सिंह, सुखबीर सिंह, अनिल कुमार, सरोज दुजाना, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, सुनीता, किरण, सुनील दत्त, कामरेड विनोद, ओमप्रकाश अनेजा और अनिल कुमार मौजूद रहे।

## गांव मदीना कोरसान में 15 हजार की ऑनलाइन ठगी


**महम।** बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र के गांव मदीना कोरसान में एक व्यक्ति के साथ 15 हजार रुपए की ऑन लाइन ठगी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में मदीना कोरसान गांव निवासी सोनू पुत्र जयपाल ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर एक मोबाइल नंबर से कॉल आई। जिसमें सामने वाले ने कहा कि वह मास्टर बोल रहा है। आपका नंबर मुझे जयपाल ने दिया है। आप जयपाल के बेटे सोनू बोल रहे हैं न। सोनू ने कहा कि हां वह सोनू ही बोल रहा है। फिर सामने वाले ने कहा कि उसे आपके पिता जयपाल को 4000 रुपए देने हैं। यदि आप गुगल पे चलाते हैं तो वह आपके पास यह पेमेंट भेज देता।

## फेसबुक आईडी से युवक के साथ धोखाधड़ी

**रोहतक।** फेसबुक आईडी के माध्यम से एक युवक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। साइबर क्राइम पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में धोबी मैहल्ला निवासी रोहित मलिक ने बताया कि वह एक प्राइवेट फर्म में अकाउंटेंट की नौकरी करता हूं। मेरी जानकारी फेसबुक आईडी से माध्यम से डॉ. अंजली गौतम से वर्ष 2022 में हुई थी। उन्होंने अपने-आप को डाक्टर बताया और नूंह में सरकार अस्पताल में नौकरी करती है। आरोपित महिला डाक्टर ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर छोटे-छोटे कैंप लगाती है और उन कैंप के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद कर मुफ्त में दवाई व उपचार करते है। यह बात जानकार कभी-कभी मैंने 51, 101, 251 व 500 रुपये डोनेशन देने शुरू कर दी दिए। फिर आरोपित महिला डाक्टर ने डोनेशन के लिए बोला तो मैंने वित्तीय हालत ठीक नहीं होने के कारण मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने मुझे मेडिकल लाइन में काम करने का आफर दिया। कहा कि अस्पताल में इंजेक्शन सप्लाई किए जाते है और आप उसमें पैसे लगाओ और जैसे मरीज अस्पताल से छुट्टी होंगे मुनाफा आपके खाते में आ जाएगा। फिर उन्होंने कहा कि मेरा ट्रांसफर पीजीआई चंडीगढ़ हो गया। फिर इसके बाद वह बातों में आकर निवेश करना शुरू कर दिया।

## करंट से झुलसे एएलएम की दिल्ली में मौत

रोहतक। सोमवार शाम को सुखपुरा चौक स्थित पॉवर हाउस में बिजली करंट का शिकार हुए सहायक लाइन मैन(एएलएम) अक्षय की मंगलवार सुबह दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। करंट से 80 प्रतिशत से अधिक झुलसे 22 वर्षीय एएलएम को सोमवार शाम को इलाज के लिए पीजीआईएमएस रोहतक ने दिल्ली रैफर किया था। लेकिन बिजली कर्मी के स्वास्थ्य में सफदरजंग अस्पताल में कोई स्वास्थ्य लाभ नहीं मिला और मौत हो गई। पिता अजीत सिंह का आरोप है कि बिजली वितरण निगम के जेई ने जबरदस्ती चालू बिजली लाइन में ट्रांसफार्मर पर रीडिंग लेने के लिए चढ़ा दिया। ये जबरदस्ती ही उनके बेटे अक्षय की मौत का कारण बनी। पिता की मांग है कि निगम ने तुरंत जेई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि वह भविष्य में अपने अधीनस्थ कर्मचारी से ड्यूटी के नाम पर जोर जबरदस्ती ना करे। पिता अजीत ने बताया कि उनका बेटा अविवाहित था। गत फरवरी में ही उन्होंने सुखपुरा चौक स्थित पॉवर हाउस में नौकरी ज्वाइन की थी। तब से लेकर अब तक अक्षय वहीं ड्यूटी कर रहा था।



## श्री बालाजी धाम डोभ में किया सुंदरकांड का पाठ



**रोहतक।** भिवानी रोड पर स्थित श्री बालाजी धाम डोभ पर मंगलवार को सुंदरकांड पाठ, अमृतवाणी पाठ, और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीराम महिला मण्डल नील कंठ मन्दिर पटेल नगर में कान्ता शर्मा की अगुवाई में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। प्रधान ने बताया कि धाम प्रत्येक मंगलवार को पवन चोपड़ा ग्रुप द्वारा अमृतवाणी पाठ किया जाता है। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। इस मौके पर अमिता अरोड़ा, बाला रानी, वीना शर्मा ,भारती आहूजा, लाजवंती, कौशिल्या, दर्शाना, हेमा टक्कर आदि मेम्बर भक्तज उपस्थित रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### आपातकाल की बरसी पर कार्यक्रम में बोले भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र

# कांग्रेस ने 90 बार चुनी गई सरकारों को बर्खास्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक






रोहतक। लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करते हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ,पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, डॉ. मदन लाल गोयल, डॉ. अशोक रंगा व जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका और कार्यक्रम उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को श्री लालनाथ हिन्दू कॉलेज के आडोटोरियम में आपात काल की बरसी पर कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या करने और संविधान को बार-बार नुकसान पहुंचाया है। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर नागरिकों को मूलभूत अधिकारों से वंचित किया था। बिना अपराध किए और बिना कोई गलती किए 1 लाख 40 हजार लोगों को जेलों में डाल दिया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी के संगठन के अध्यक्ष सतीश कत्याल, रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, डॉ. मदन लाल गोयल, डॉ. अशोक रंगा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने की। प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि 1971 के चुनाव में राजनारायण ने इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। चुनाव में धांधली के कारण राजनारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में यचिका दायर की। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जयनारायण को विजई और इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर दिया। इसके बाद इंदिरा गांधी ने रातों रात देश पर आपातकाल थोप दिया गया। सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि जिस तरह से लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल में योजनाएं झेलते हुए कांग्रेस के अत्याचारों का सामना किया था उसी तरह कार्यकर्ता भी कांग्रेस के झूठ का लोकतंत्र सेनानियों की तरह डंटकर मुकाबला करें।

### झूठ बोल रही कांग्रेस

कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए पूनिया ने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिसने 75 बार संविधान में संशोधन किया। धारा 356 के माध्यम से चुनी गई सरकारों को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने वाली भी कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 90 बार चुनी गई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया है। सतीश कत्याल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने लोकतंत्र की रक्षा करने वालों को लोकतंत्र सेनानी का नाम दिया और पेंशन देकर मान सम्मान दिया है। इस मौके पर पूर्व विधायक सरिता नारायण, भाजपा नेत्री एडवोकेट राजबाला चहल, डॉ. प्रेम सिंह हुड्डा, जिला कोषाध्यक्ष सतीश आहुजा, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष हरीश कौशिक, निगम पार्षद सुरेश किराड़, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, जिला मीडिया प्रभारी तरुण सनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, धर्मवीर शर्मा, रवि हुड्डा आदि मौजूद रहे।